रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 44] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 4—नवम्बर 10, 2017 (कार्तिक 13, 1939)

No. 44] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 4—NOVEMBER 10, 2017 (KARTIKA 13, 1939)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	765
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	977
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	11
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1953
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	22415
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	2763
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	1875
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	765
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	977
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence..................................	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1953
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	22415
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2763
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1875
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I— खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2017

सं. 93-प्रेज/2017—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए 'कीर्ति चक्र' पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री प्रमोद कुमार, कमांडेंट, 49 बटालियन, के.रि.पु.बल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अगस्त, 2016)

कश्मीर घाटी में राष्ट्रीय महत्व के दिवसों को मनाने में सुरक्षा बलों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि राष्ट्र-विरोधी ताकतों द्वारा ऐसे अवसरों में बाधा डालने हेतु सभी प्रयास किए जाते हैं। सुरक्षा बलों द्वारा 'हिज्बुल मुजाहिदीन' के कमांडर को मार गिराए जाने के बाद कश्मीर घाटी में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब एवं विस्फोटक हो गई थी जिसके कारण स्वतंत्रता दिवस, 2016 के आयोजन का कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया था। उग्रवादियों के उपद्रवजनित कार्यों तथा नापाक योजनाओं को रोकने के लिए श्रीनगर शहर में कड़ी चौकसी बरती गई और प्रतिबंध लगाए गए।

परंतु 0800 बजे नौहट्टा चौक, श्रीनगर में एक परित्यक्त इमारत में छुपे हुए उग्रवादियों ने उस क्षेत्र में तैनात 28 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सामरिक रूप से बेहतर तथा मजबूत स्थिति में होने के कारण् उग्रवादियों द्वारा किए गए इस अचानक एवं अचंभित करने वाले घातक हमले में 07 सुरक्षा कार्मिकों को गोलियां लगीं और वे घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, सुरक्षा कार्मिकों ने उपलब्ध कवर लेते हुए उग्रवादियों पर जवाबी फायरिंग की तथा उन्हें बच कर भागने का मौका नहीं दिया। यह मुठभेड़ शहर के बीचोंबीच हुई, जिसके कारण इसकी खबर सभी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों के संबंधित कार्यालयों तक पहुंच गई। इस मुठभेड़ के बारे में सुनकर श्री प्रमोद कुमार, कमांडेंट, 49 बटालियन ने तेज़ी से कार्यवाही की और तुरंत ही इसमें फंसे जवानों की सहायता करने तथा उग्रवादियों को मार गिराने के लिए घटनास्थल पर कूच कर गये। इस घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने भारी गोलीबारी के बीच घायल जवानों को वहां से हटाकर दूसरे जवानों को वहां पर तैनात किया। घायल जवानों को वहां से सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया में, वे भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए, परंतु वे घायलों को बचाने के क्रम में अपनी गाड़ी को चतुराई से एक घायल से दूसरे घायल तक ले जाते रहे। तदुपरांत, उन्होंने अन्य संक्रिया कमांडरों के साथ मिलकर इस कार्रवाई/वास्तविक परिस्थिति का सामरिक दृष्टि से आकलन किया तथा जिस भवन से उग्रवादी फायर कर रहे थे, उसको चारों ओर से घेर लिया।

एक बार बचकर भागने के सभी मार्ग बंद हो जाने के बाद, श्री प्रमोद कुमार बुलेट-प्रूफ गाड़ी में अपने जवानों के साथ उस भवन के नजदीक पहुंचे तथा भीषण गोलीबारी की लड़ाई में डट गए। उग्रवादी अलग-अलग स्थान बदल रहे थे तथा विभिन्न खिड़कियों से फायरिंग कर रहे थे ताकि उनकी वास्तविक संख्या के बारे में जवानों को पता न चल सके। कंक्रीट की दीवार के पीछे उग्रवादियों ने अपनी पोजीशन बना रखी थी जिसके कारण जवानों द्वारा की गई गोलीबारी अप्रभावी सिद्ध हो रही थी । उग्रवादियों पर घातक हमले करने के लिए समुचित वांछित जगह प्राप्त करने हेतु श्री प्रमोद कुमार अपनी गाड़ी को पूरी दक्षता से गोलियों की बौछार के बीच उस जगह तक ले गए जहां वे उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने से बिलकुल नजदीक तक पहुंच गए और जहां से उग्रवादियों के शरीर का निचला भाग साफ नजर आने लगा। इस वांछित पोजीशन को लेने के बाद उन्होंने उग्रवादी के जगह बदलने से पहले ही उसके पैर में गोली मार कर उसे घायल कर दिया। घायल होने के कारण उस उग्रवादी के जगह बदलने की क्षमता जाती रही परंतु उसकी ओर से फायरिंग चलती ही रही। उग्रवादियों को मार गिराने के लिए श्री प्रमोद कुमार ने अत्यंत बहादुरी का निर्णय लिया और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए और सभी पूर्व सावधानियों को नजरअंदाज करते हुए ऐसी उपयुक्त पोजीशन लेने के लिए गाड़ी से बाहर आए जहां से उग्रवादी के शरीर पर लक्ष्य किया जा सके। लक्ष्य पर गोली साधने के समय इस वीर अधिकारी ने अपने चारों तरफ से होने वाली गोलीबारी की कोई परवाह

न की परंतु इस क्रम में दूसरे उग्रवादी की दृष्टि उन पर पड़ गई। ज्यों ही उन्होंने घायल उग्रवादी के शरीर पर गोली चलाई और उसे और बुरी तरह से घायल कर दिया, वहीं दूसरे उग्रवादी द्वारा चलाई गई गोली उनके सिर में लगी तथा वे बुरी तरह जख्मी हो गए। बहादुर अधिकारी वीरतापूर्वक लड़ते हुए घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें तुरंत ही 92 आर्मी बेस अस्पताल, बी.बी.कैंट, श्रीनगर ले जाया गया जहां पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली तथा राष्ट्र की सेवा में उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

उनको वहां से निकालने के बाद, फिर से कार्रवाई शुरू हुई। वहां केवल दूसरा उग्रवादी ही गोलीबारी करता हुआ पाया गया जिसे बाद में सुरक्षा बलों ने मार गिराया। मारे गए उग्रवादियों से दो एके-47 राइफलें तथा 6 मैगजीनें भी बरामद की गईं।

श्री प्रमोद कुमार, कमांडेंट, 49 बटालियन ने असाधारण वीरता, अनुकरणीय साहस तथा अपने कर्तव्य के प्रति उच्चतम समर्पण/कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए इस अभियान में राष्ट्र की सेवा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी।

2. श्री चेतन कुमार चीता, कमांडेंट, 45 बटालियन, के.रि.पु. बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 फरवरी, 2017)

दिनांक 13 फरवरी, 2017 को पुलिस स्टेशन, हाजिन, जिला बांदीपोरा, जम्मू एवं कश्मीर में पैरी मोहल्ला में दो लश्कर-ए-तैयबा, विदेशी आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में एस.एस.पी., बांदीपोरा से श्री चेतन कुमार चीता कमांडेंट, 45 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को आसूचना प्राप्त हुई। आसूचना के आधार पर श्री चेतन कुमार चीता, कमांडेंट, 45 बटालियन, सी.आर.पी.एफ., सी.ओ., 13 आर.आर. और एस.डी.पी.ओ., संबल द्वारा संयुक्त रूप से एक संक्रिया की योजना तैयार की गई। यह निर्णय लिया गया कि 13 आर.आर. की टुकड़ी प्रारंभिक तोर पर घेरा डालेगी और कमांडेंट, 45 बटालियन, सी.आर.पी.एफ., सी.ओ., 13 आर.आर. की टुकड़ी के साथ संयुक्त रूप से छिपे हुए आतंकवादियों पर हमला शुरू करेंगे। तदनुसार, दिनांक 14.02.2017 को 0500 बजे श्री चेतन कुमार चीता की समग्र कमान के अंतर्गत 45 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. के त्वरित कार्रवाई दल और सी.डी.कंपनी की टुकड़ी द्वारा पैरी मोहल्ला, हाजिन में उन्हें घेरने और तलाशी लेने का अभियान शुरू किया गया।

चूंकि दो विदेशी आतंकवादियों के मौजूद होने की जानकारी बहुत ही विश्वसनीय थी, इसलिए कमांडेंट, 45 बटालियन और सी.ओ., 13 आर.आर. ने यह जांच करने और सुनिश्चित करने का निर्णय लिया कि तीन संदिग्ध लक्षित मकानों पर पूर्णतः घेरा डाल दिया गया है और किसी भी आतंकवादी के बच निकलने की संभावना को दूर करने के लिए सभी संभावित बचने के मार्गों को बंद कर दिया गया है। जब उपर्युक्त टीम घेरे को मजबूत कर रही थी तो आतंकवादी निकट पड़ोस में सुरक्षा बलों की मौजूदगी का आभास लगाकर सतर्क हो गए और संभावित मुठभेड़ के लिए तैयार हो गए। आतंकवादियों ने किसी भी संभावित बच निकलने का रास्ता ढूंढने का प्रयास किया किंतु उन्हें ऐसा कोई रास्ता नहीं मिल सका। आतंकवादियों को कोई विकल्प न मिलने और चारों तरफ से घिर जाने पर उन्होंने सैन्य टुकड़ी का सामना करने का निर्णय लिया। उन्होंने संदिग्ध लक्षित मकान से अंधाधुंध गोलीबारी करना और घेराव दल पर ग्रेनेड फेंकना आरंभ कर दिया। अचानक और अंधाधुंध हमले से टुकड़ी घबरा गई और किसी ओट के पीछे आश्रय लेने के लिए विवश हो गई। इस अवसर का आतंकवादियों ने पूरा लाभ उठाया क्योंकि उन्होंने भीतरी घेरे को तोड़ दिया और पड़ोस के मकान में जाकर घुस गए।

इस आरंभिक बहु-आयामी हमले से सेना के एक अधिकारी समेत चार जवान घायल हो गए। घेराव दल को हुई क्षति और उनके बचाव कार्य की प्रक्रिया में आंतरिक घेराव को बहुत बड़ा झटका लगा। इस स्थिति से निपटने के लिए सी.ओ., 13 आर.आर. ने कमांडेंट, 45 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. को घायल जवानों को निकालने और भीतरी घेराव में हो गई कमी को पूरा करने के लिए जवानों को फिर-से वहां तैनात करने के लिए कहा। यह अनुमान लगाकर कि स्थिति अत्यधिक गंभीर हो सकती है और इसके लिए असाधारण कार्रवाई आवश्यक हो सकती है, श्री चेतन कुमार चीता, स्वयं अपने साथियों और आर.आर. की टुकड़ी के साथ घेराव को मजबूत करने और सैन्य बलों को अतिरिक्त जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए आगे बढ़े।

श्री चीता ने सामरिक बुद्धिमत्ता और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के साथ लक्षित मकान की ओर युक्तिपूर्वक तरीके से छिप-छिप कर आगे बढ़े और मुठभेड़ तथा गोलीबारी के क्षेत्र में पहुंच गए। संभावित खतरों की उपेक्षा करते हुए श्री चेतन कुमार चीता ने सामने से अपनी टीम का नेतृत्व किया ताकि घायल सैनिकों की वजह से रिक्त हुए स्थान पर स्वयं और अपनी पार्टी को पहुंचा कर उसे भरा जा सके। लक्ष्य की ओर बढ़ते समय श्री चेतन कुमार चीता ने परिसर के अंदर एक घास-फूस के ढेर के पीछे एक आतंकवादी को देखा जो टुकड़ी पर एक दूसरा घातक हमला करने की तैयारी कर रहा था। वह इस बात से पूर्णतः अवगत थे कि वहां दूसरा आतंकवादी भी हो सकता है जिसकी पोजीशन अभी ज्ञात नहीं थी। इस बात की पूर्ण संभावना थी कि अपनी मौजूदा पोजीशन से आतंकवादी पर गोली चलाने से आतंकवादी को उनके स्थान का पता चल जाएगा ओर इससे उनकी सैन्य टुकड़ी की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। एक ही क्षण में, उन्होंने अपनी स्थिति से छलांग लगाई और आगे आने वाले अत्यधिक खतरे की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने कर्तव्य को स्वयं से अधिक महत्व देते हुए अपने हथियार से आतंकवादी पर सटीक गोलीबारी शुरू कर दी और घास-फूस के ढेर के पीछे छिपे

आतंकवादी का सफाया करने में कामयाब हुए। इसी बीच टुकड़ी पर एक और घातक हमला शुरू हो गया क्योंकि दूसरा आतंकवादी जो संदिग्ध मकान में छिपा हुआ था, ने श्री चीता और उनकी टीम पर यूबीजीएल गोले फेकते हुए गोलियों की बौछार शुरू कर दी। श्री चेतन कुमार चीता और उनके साथ चल रहे जवान, आर.आर. की टुकड़ी को अनेक गोलियां लगीं और वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

गंभीर रूप से घायल श्री चेतन कुमार चीता असाधारण वीरता, अदम्य साहस और अद्भुत नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन करते हुए और स्पष्ट रूप से तथा तत्काल मौत के ख़तरे का सामना करने की बहादुरी की भावना का परिचय देते हुए टुकड़ी को जवाबी गोलीबारी करने और अपनी टुकड़ी को और किसी नुकसान से बचाने के लिए आतंकवादी पर खुद गोलीबारी करने लगे। बावजूद इसके, आतंकवादी स्थिति का फायदा उठाकर और स्थानीय लोगों का सहयोग पाकर बच निकलने में कामयाब हो गया। बाद में मारे गए आतंकवादी की पहचान एक खूंखार एलईटी 'ए' श्रेणी के आतंकवादी अबू हारिस के रूप में की गई। सैन्य टुकड़ी ने मारे गए आतंकवादी से 1 एके राइफल, 4 मैगजीनें और 71 गोलाबारूद के राउंड तथा 1 हैंड ग्रेनेड बरामद किये।

ऑपरेशन के दौरान, श्री चेतन कुमार चीता, कमांडेंट ने खूंखार आतंकवादी से अपनी सैन्य टुकड़ी को और नुकसान न होने देने से पहले उसका सफाया करने की कार्रवाई में अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए असाधारण नेतृत्व गुण, अदम्य वीरता और कर्तव्यनिष्ठ साहस का प्रदर्शन किया। दूसरे आतंकवादी से होने वाले खतरे की परवाह न करते हुए और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे अपने स्थान पर डटे रहे और फायरिंग करते रहे जिससे कि उस आतंकवादी को भागने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं मिल सका। श्री चेतन कुमार चीता ने शौर्य, निस्वार्थ बलिदान की भावना और उत्कृष्ट नेतृत्व गुण का एक अमिट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

3. 5047602एन हवलदार गिरिस गुरुंग, चौथी बटालियन, प्रथम गोरखा राईफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख़ : 20 मई, 2017)

मई, 2017 में हवलदार गिरिस गुरुंग को जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले में खोजी दस्ते के कमांडर के रूप में तैनात किया गया था। जब वे घनी झाड़ियों और वनों के बीच घाटी जैसे स्थान में तलाशी अभियान का नेतृत्व कर रहे थे, इसी बीच इस क्षेत्र में छिपे हुए एक उग्रवादी ने उन पर गोलीबारी प्रारंभ कर दी जिससे उनकी जांघ में गोली लग गई।

बहुत अधिक मात्रा में रक्तस्राव होने के बावजूद गैर-कमीशन प्राप्त अधिकारी ने अपनी टीम के ऊपर आए खतरे को महसूस किया और अपनी सुरक्षा की बिलकुल भी परवाह न करते हुए अपनी एके-47 राइफल से सटीक फायर किया और एक आतंकी को मार गिराया। तत्पश्चात् उन्होंने उस जगह का पता लगाया जहां से एक अन्य आतंकी उनके दल के ऊपर फायरिंग कर रहा था। गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद अपनी वीरता का परिचय देते हुए उन्होंने उस दिशा में एक हथगोला फेंका और बेहद करीब जाकर उस आतंकवादी पर गोलीबारी करते हुए उसे वहीं ढेर कर दिया परंतु अपने गंभीर और अनेक जख्मों के कारण वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

हवलदार गिरिस गुरुंग ने सर्वोच्च बलिदान देने से पहले गोलीबारी के दौरान निःस्वार्थपूर्ण अदम्य साहस और अद्‌वितीय आक्रामक भावना का प्रदर्शन किया।

4. आईसी-73531ए मेजर प्रीतम सिंह कुनवार, चौथी बटालियन, दि गढ़वाल राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख़ : 26 मई, 2017)

मेजर प्रीतम ने जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर अद्भुत कला से विभिन्न गुप्त सूत्रों से जानकारी हासिल कर आतंकवादियों के सीमा पार करने की खबर पुख़्ता की। खराब मौसम में भी उन्होंने साहस बनाए रखा और अपनी जगह को सुनिश्चित करते हुए माइनफील्ड के अंदर सुरक्षित स्थान पर मोर्चा संभाला। इन विषम परिस्थितियों में भी मेजर प्रीतम ने एकाग्रता से फतेह की ओर अपने कदम बढ़ाने शुरू कर दिए थे।

मई, 2017 में छह आतंकवादियों को दूर से देखकर मेजर प्रीतम ने अतिशीघ्र ही उन्हें घेरने का उपाय सोचा जो उनकी अद्भुत कार्यशैली एवं उनके धैर्य का प्रबल प्रमाण देता है। आतंकियों के पूर्ण रूप से 'किलिंग ज़ोन' में आने तक उन्होंने आतंकियों के ऊपर सटीक निशानेबाजी करके उन्हें मार गिराना शुरू किया। अचानक ही दो आतंकी एक बड़े पत्थर के पीछे छिपकर मेजर प्रीतम की टुकड़ी की तरफ भारी गोलीबारी करने लगे। उसी क्षण एक ग्रेनेड उनके बेहद करीब आकर गिरा। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने रेंगते हुए दो ग्रेनेड आतंकवादियों की तरफ फेंके और उन्हें ढेर कर दिया। इतनी देर में एक और आतंकी नीचे से कमान अधिकारी के दल की ओर बढ़ने लगा। यह देख कर उन्होंने कमान अधिकारी को सूचित करते हुए अपनी दिशा बदली और एक बार फिर स्फूर्ति के साथ सटीक निशाना लगाते हुए तीसरे आतंकी को ढेर कर दिया।

मेजर प्रीतम सिंह कुनवार ने शत्रु का मुकाबला करने में अनुकरणीय साहस, विषम परिस्थितियों में संकल्प, असाधारण वीरता तथा उच्चतम कोटि के शौर्य और अटूट धैर्य का परिचय दिया।

5. एसएस-43887वाई मेजर डेविड मनलून, नागा रेजिमेंट, 164 इन्फैन्ट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) (होम एंड हर्थ) नागा, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख़ : 06 जून, 2017)

मेजर डेविड मनलून द्वारा प्राप्त हुई विशिष्ट आसूचना के आधार पर जून, 2017 में उत्तरी नागालैंड में एक संक्रिया आरंभ की गई थी। लगभग 2200 बजे उक्त संक्रिया के दौरान मेजर डेविड मनलून के नेतृत्व में सैन्य दस्ते द्वारा उग्रवादियों के एक समूह के साथ संपर्क स्थापित किया गया था।

तत्काल भीषण गोलीबारी आरंभ हो गई जिसमें उग्रवादियों ने मेजर डेविड मनलून के दल पर ग्रेनेडों से हमले किए जिसमें मेजर डेविड मनलून और तीन अन्य रैंक के कार्मिक घायल हो गए थे। उग्रवादियों की गोलीबारी और ग्रेनेडों के हमले का मुकाबला करते हुए मेजर डेविड मनलून अपनी जान की परवाह किए बिना कार्रवाई के लिए आगे बढ़े और निकट फासले से गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों को मार गिराया जिससे उनकी सैन्य टुकड़ी और हताहत होने से बच गई तथा उन्होंने तीन उग्रवादियों का सफाया कर दिया। मेजर डेविड मनलून उसके शीघ्र बाद अपने ज़ख्मों के कारण शहीद हो गए। मारे गए उग्रवादी उल्फा(आई) के कट्टर कार्यकर्ता थे और ऊपरी असम में अनेक वारदातों में शामिल थे।

मेजर डेविड मनलून ने उग्रवादियों का मुकाबला करने में असाधारण व्यक्तिगत बहादुरी और सर्वोच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 94-प्रेज/2017—राष्ट्रपति वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को "शौर्य चक्र" पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए : 9056), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जनवरी, 2016)

पुलिस स्टेशन, ढीबरा और डुमरिया, जिला औरंगाबाद और गया के अंतर्गत भलुआही, गोपालडेरा, मोरमा, कचनार, छुचिया और दुलारे गांव के जंगली क्षेत्र में ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई क्योंकि उस क्षेत्र में माओवादियों के एक ग्रुप के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संक्रिया की योजना श्री रबीश कुमार सिंह, कमांडेंट, 205 कोबरा द्वारा बड़ी बुद्धिमत्ता से तैयार की गई थी और इस सतर्कतापूर्ण संक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के साथ मिलकर श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के अंतर्गत एक टीम और श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट की कमान के अंतर्गत दूसरी टीम दिनांक 07.01.2016 को उस क्षेत्र की ओर रवाना की गई।

माओवादियों के संभावित स्थान के बारे में अद्यतन सूचना एकत्र करने के पश्चात इन टीमों ने रात के अंधेरे में भलुहाई कैंप से प्रस्थान किया। माओवादियों की पूर्व सूचना प्रणाली को भनक न लगने देने के लिए, दोनों टीमें अत्यंत गोपनीयता और औचकपन को बरकरार रखते हुए लक्षित क्षेत्र की ओर अंधेरे में और घने जंगली क्षेत्र से होकर आगे बढ़ी। सुबह की पहली किरण के साथ इन टीमों ने जंगल की तलाशी शुरू की लेकिन माओवादियों के बारे में कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हो सकी। पूरे दिन शत्रु की तलाश करने के पश्चात, इन टीमों ने एक सामरिक मोर्चे में रहकर विश्राम किया और आसपास होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखी । इन टीमों की रणनीति आशानुरूप सफल हुई जब इन्होंने करीब 1715 बजे समीपस्थ पहाड़ी क्षेत्र में धुंआ उठते देखा। श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों के मौजूद होने की संभावना का अनुमान लगाते हुए अपने कनिष्ठ कमांडरों को फील्ड सिग्नलों के जरिए तत्काल बुलाया और संदिग्ध क्षेत्र को चारों तरफ से घेरने और हमला करने की योजना तैयार की।

योजना के अनुसार, श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट ने उत्तरी दिशा की ओर से क्षेत्र को घेरने के लिए एक छोटी टीम का नेतृत्व किया, वहीं दूसरी छोटी टुकड़ी दक्षिणी दिशा से कवर करने के लिए आगे बढ़ी, जबकि श्री चंदन कुमार दक्षिणी पश्चिमी दिशा की ओर से इंट्रीपिड ट्रूपर्स की एक छोटी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े। माओवादियों की रणनीतिक पोजीशन ही केवल टुकड़ियों के लिए एक कठिनाई नहीं थी बल्कि ढ़लते हुए दिन में उजाला कम होते जाने की वजह से निर्धारित समय में वहां पहुंचना भी आवश्यक था। श्री चंदन कुमार ने अंधेरे का फायदा उठाकर माओवादियों के बच निकलने की संभावना को देखते हुए अपनी टुकड़ी को पहाड़ी की चोटी पर जल्दी पहुंचने का सिग्नल दिया। किंतु माओवादी भी क्षेत्र में किसी मामूली संदिग्ध आवांछित मौजूदगी की भनक लगते ही जवाबी

गोलाबारी करने के लिए तैयार थे। दिन का उजाला कम होते जाने की वजह से टुकड़ी का जल्दी-जल्दी चलना भी, उस क्षेत्र में उनकी मौजूदगी का आभास करा सकता था और जैसा कि आशंका थी माओवादियों को श्री चंदन कुमार की टीम का आभास होते ही, उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। यह एक ऐसा विकट क्षण था जिसमें हताहत होने का गंभीर खतरा था, जब श्री चंदन कुमार ने शत्रु की ओर से आ रही गोलियों की परवाह न करते हुए शत्रु की गोलीबारी के ठीक सामने मुकाबले के लिए आगे बढ़ने का निर्णय लिया।

आगे बढ़ते ही हैड कांस्टेबल नगेन्द्र प्रसाद के कंधे पर गोली लगी और वे घायल हो गए। किंतु श्री चंदन कुमार ने अपनी सैन्य टुकड़ी को दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने का सिग्नल दिया। जैसे ही टीम शत्रु की पोजीशन की तरफ आगे बढ़ी, श्री चंदन कुमार और कांस्टेबल अमर नाथ मिश्रा संतरी पोस्ट के सामने पहुंच गए। अत्यधिक निकट से सैन्य टुकड़ी के पहुंचने से पोस्ट के अंदर मौजूद दोनों आतंकवादियों के होश उड़ गए। उस क्षेत्र से बच निकलने के लिए उन्होंने कमांडर और उनके साथियों पर भारी और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी ताकि उन्हें वहीं पर रोका जा सके और वे वहां से भागने में कामयाब हो सकें। किंतु वे दोनों उन पर की जा रही गोलीबारी की परवाह न करते हुए अभूतपूर्व और निर्भीकता से साहसपूर्वक आगे बढ़ते रहे और आतंकवादियों के अत्यंत निकट पहुंचकर उन्हें मार गिराया। माओवादियों ने इसके बदले की कार्रवाई में अपनी ओर से भीषण गोलीबारी और उसके साथ ग्रेनेड फेंकना भी शुरू कर दिया ताकि टुकड़ी को आगे बढ़ने से रोका जा सके और वहां से सुरक्षित निकला जा सके। इन्होंने पीछे की दूसरी टीम को सामने से शत्रु की पोजीशन की ओर आगे बढ़ने और गोली-बारी करने का आदेश दिया, हालांकि उनकी अपनी छोटी टुकड़ी शत्रु की पोजीशन के अत्यधिक निकट थी। माओवादी स्वयं को दोनों तरफ से आगे बढ़ती सैन्य टुकड़ियों से घिरा जानकर छोटे-छोटे टुकड़ों में विभक्त हो गए और अपनी-अपनी बंदूकों से भीषण गोलीबारी करते हुए अलग-अलग दिशाओं में भागने का प्रयास किया ।

पूरी हिम्मत रखते हुए श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री अमरनाथ मिश्रा, कांस्टेबल, सीआरपीएफ आगे बढ़ते रहे और भारी गोलीबारी और अपर्याप्त सुरक्षा कवर की परवाह न करते हुए सामने डट गए। उनका जीवन पुनः गंभीर खतरे की स्थिति में आ गया जब दो माओवादी उन पर भीषण गोलीबारी करते हुए उनकी ही दिशा की ओर भागने लगे। किंतु दोनों ने उन पर की जा रही गोलीबारी की परवाह न करते हुए तुरंत जवाबी कार्रवाई की और इधर-उधर कूद गए और जवाबी गोलीबारी करके माओवादियों को घायल कर दिया। घायल माओवादी ने अपनी दिशा बदल ली और वापस घने जंगल की ओर भाग गए।

यह भीषण गोलीबारी उस समय तक चलती रही जब तक किउस क्षेत्र में पूर्णतः अंधेरा नहीं हो गया। सैन्य टुकड़ियां उस क्षेत्र में पूरी रात पोजीशन लेकर बैठी रहीं और सुबह उस क्षेत्र की सघन तलाशी की कार्रवाई शुरू की गई जिसमें चार माओवादी 1. राजीव यादव उर्फ बिहारी (क्षेत्रीय समिति सदस्य) 2. राम रतन यादव उर्फ जगदीश जी उर्फ जयंत यादव (क्षेत्रीय कमांडर) 3. देवकी भारती (एरिया कमांडर) 4. वीरेन्द्र उर्फ रविन्द्र भोक्ता (फाइटर मेंबर) के शव और एक ए.के 47 राइफल एक कारबाईन, एक .303 राइफल, एक देसी बंदूक, 299 गोलाबारूद के राउंड, 6 मैगजीनें, 3 केन बंब, 40 डिटोनेटर, 2 वायरलेस सेट और अन्य दोष सिद्ध करने वाले दस्तावेज एवं कैंपिंग सामग्री बरामद किए गए।

श्री चंदन कुमार ने माओवादियों के विरूद्ध त्वरित संक्रिया के दौरान अनुकरणीय साहस, नेतृत्व गुणवत्ता और कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ निष्ठा का प्रदर्शन किया।

2. श्री अमर नाथ मिश्रा, कांस्टेबल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जनवरी, 2016)

पुलिस स्टेशन, ढीबरा और डुमरिया, जिला औरंगाबाद और गया के अंतर्गत भलुआही, गोपालडेरा, मोरमा, कचनार, छुचिया और दुलारे गांव के जंगली क्षेत्र में ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई क्योंकि उस क्षेत्र में माओवादियों के एक ग्रुप के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संक्रिया की योजना श्री रबीश कुमार सिंह, कमांडेंट, 205 कोबरा द्वारा बड़ी बुद्धिमत्ता से तैयार की गई थी और इस सतर्कतापूर्ण संक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के साथ मिलकर श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के अंतर्गत एक टीम और श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट की कमान के अंतर्गत दूसरी टीम दिनांक 07.01.2016 को उस क्षेत्र की ओर रवाना की गई।

माओवादियों के संभावित स्थान के बारे में अद्यतन सूचना एकत्र करने के पश्चात इन टीमों ने रात के अंधेरे में भलुहाई कैंप से प्रस्थान किया। माओवादियों की पूर्व सूचना प्रणाली को भनक न लगने देने के लिए, दोनों टीमें अत्यंत गोपनीयता और औचकपन को बरकरार रखते हुए लक्षित क्षेत्र की ओर अंधेरे में और घने जंगली क्षेत्र से होकर आगे बढ़ी। सुबह की पहली किरण के साथ इन टीमों ने जंगल की तलाशी शुरू की लेकिन माओवादियों के बारे में कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हो सकी। पूरे दिन शत्रु की तलाश करने के पश्चात, इन टीमों ने एक सामरिक मोर्चे में रहकर विश्राम किया और आसपास होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। इन टीमों की रणनीति आशानुरूप सफल हुई जब इन्होंने करीब 1715 बजे समीपस्थ पहाड़ी क्षेत्र में धुंआ उठते देखा। श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट ने

माओवादियों के मौजूद होने की संभावना का अनुमान लगाते हुए अपने कनिष्ठ कमांडरों को फील्ड सिग्नलों के जरिए तत्काल बुलाया और संदिग्ध क्षेत्र को चारों तरफ से घेरने और हमला करने की योजना तैयार की।

योजना के अनुसार, श्री गुफरान अहमद, सहायक कमांडेंट ने उत्तरी दिशा की ओर से क्षेत्र को घेरने के लिए एक छोटी टीम का नेतृत्व किया, वहीं दूसरी छोटी टुकड़ी दक्षिणी दिशा से कवर करने के लिए आगे बढ़ी, जबकि श्री चंदन कुमार दक्षिणी पश्चिमी दिशा की ओर से इंट्रीपिड ट्रूपर्स की एक छोटी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े। माओवादियों की रणनीतिक पोजीशन ही केवल टुकड़ियों के लिए एक कठिनाई नहीं थी बल्कि ढ़लते हुए दिन में उजाला कम होते जाने की वजह से निर्धारित समय में वहां पहुंचना भी आवश्यक था। श्री चंदन कुमार ने अंधेरे का फायदा उठाकर माओवादियों के बच निकलने की संभावना को देखते हुए अपनी टुकड़ी को पहाड़ी की चोटी पर जल्दी पहुंचने का सिग्नल दिया। किंतु माओवादी भी क्षेत्र में किसी मामूली संदिग्ध आवांछित मौजूदगी की भनक लगते ही जवाबी गोलाबारी करने के लिए तैयार थे। दिन का उजाला कम होते जाने की वजह से टुकड़ी का जल्दी-जल्दी चलना भी, उस क्षेत्र में उनकी मौजूदगी का आभास करा सकता था और जैसा कि आशंका थी माओवादियों को श्री चंदन कुमार की टीम का आभास होते ही, उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। यह एक ऐसा विकट क्षण था जिसमें हताहत होने का गंभीर खतरा था, जब श्री चंदन कुमार ने शत्रु की ओर से आ रही गोलियों की परवाह न करते हुए शत्रु की गोलीबारी के ठीक सामने मुकाबले के लिए आगे बढ़ने का निर्णय लिया।

आगे बढ़ते ही हैड कांस्टेबल नगेन्द्र प्रसाद के कंधे पर गोली लगी और वे घायल हो गए। किंतु श्री चंदन कुमार ने अपनी सैन्य टुकड़ी को दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने का सिग्नल दिया। जैसे ही टीम शत्रु की पोजीशन की तरफ आगे बढ़ी, श्री चंदन कुमार और कांस्टेबल अमर नाथ मिश्रा संतरी पोस्ट के सामने पहुंच गए। अत्यधिक निकट से सैन्य टुकड़ी के पहुंचने से पोस्ट के अंदर मौजूद दोनों आतंकवादियों के होश उड़ गए। उस क्षेत्र से बच निकलने के लिए उन्होंने कमांडर और उनके साथियों पर भारी और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी ताकि उन्हें वहीं पर रोका जा सके और वे वहां से भागने में कामयाब हो सकें। किंतु वे दोनों उन पर की जा रही गोलीबारी की परवाह न करते हुए अभूतपूर्व और निर्भीकता से साहसपूर्वक आगे बढ़ते रहे और आतंकवादियों के अत्यंत निकट पहुंचकर उन्हें मार गिराया। माओवादियों ने इसके बदले की कार्रवाई में अपनी ओर से भीषण गोलीबारी और उसके साथ ग्रेनेड फेंकना भी शुरू कर दिया ताकि टुकड़ी को आगे बढ़ने से रोका जा सके और वहां से सुरक्षित निकला जा सके। इन्होंने पीछे की दूसरी टीम को सामने से शत्रु की पोजीशन की ओर आगे बढ़ने और गोली-बारी करने का आदेश दिया, हालांकि उनकी अपनी छोटी टुकड़ी शत्रु की पोजीशन के अत्यधिक निकट थी। माओवादी स्वयं को दोनों तरफ से आगे बढ़ती सैन्य टुकड़ियों से घिरा जानकर छोटे-छोटे टुकड़ों में विभक्त हो गए और अपनी-अपनी बंदूकों से भीषण गोलीबारी करते हुए अलग-अलग दिशाओं में भागने का प्रयास किया।

पूरी हिम्मत रखते हुए श्री चंदन कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री अमरनाथ मिश्रा, कांस्टेबल, सीआरपीएफ आगे बढ़ते रहे और भारी गोलीबारी और अपर्याप्त सुरक्षा कवर की परवाह न करते हुए सामने डट गए। उनका जीवन पुनः गंभीर खतरे की स्थिति में आ गया जब दो माओवादी उन पर भीषण गोलीबारी करते हुए उनकी ही दिशा की ओर भागने लगे। किंतु दोनों ने उन पर की जा रही गोलीबारी की परवाह न करते हुए तुरंत जवाबी कार्रवाई की और इधर-उधर कूद गए और जवाबी गोलीबारी करके माओवादियों को घायल कर दिया। घायल माओवादी ने अपनी दिशा बदल ली और वापस घने जंगल की ओर भाग गए।

यह भीषण गोलीबारी उस समय तक चलती रही जब तक कि उस क्षेत्र में पूर्णतः अंधेरा नहीं हो गया। सैन्य टुकड़ियां उस क्षेत्र में पूरी रात पोजीशन लेकर बैठी रहीं और सुबह उस क्षेत्र की सघन तलाशी की कार्रवाई शुरू की गई जिसमें चार माओवादी 1. राजीव यादव उर्फ बिहारी (क्षेत्रीय समिति सदस्य) 2. राम रतन यादव उर्फ जगदीश जी उर्फ जयंत यादव (क्षेत्रीय कमांडर) 3. देवकी भारती (एरिया कमांडर) 4. वीरेन्द्र उर्फ रविन्द्र भोक्ता (फाइटर मेंबर) के शव और एक ए.के 47 राइफल एक कारबाईन, एक .303 राइफल, एक देसी बंदूक, 299 गोलाबारूद के राउंड, 6 मैगजीनें, 3 केन बंब, 40 डिटोनेटर, 2 वायरलेस सेट और अन्य दोष सिद्ध करने वाले दस्तावेज एवं कैंपिंग सामग्री बरामद किए गए।

श्री अमरनाथ मिश्रा ने त्वरित माओवादी संक्रिया के दौरान अनुकरणीय साहस, कर्तव्य के प्रति नि:स्वार्थ निष्ठा का प्रदर्शन किया है।

3. 13767992ए लांस नायक कश्मीर सिंह, 17वीं बटालियन, दि जम्मू और कश्मीर राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अगस्त, 2016)

अगस्त, 2016 में लांस नायक कश्मीर सिंह, घुसपैठिए आतंकवादियों के खात्मे के लिए तैनात टुकड़ी का हिस्सा थे। टुकड़ी ने दो आतंकवादियों को जम्मू और कश्मीर के बारामुला जिले के क्षेत्र में देखा। उन्होंने अत्यंत समीप जाकर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने लघु हथियारों और बैरल ग्रेनेड लांचर से टुकड़ी पर गोलीबारी की।

गोलीबारी के कारण लान्स नायक कश्मीर सिंह, बुरी तरह जख्मी हो गए। तथापि, अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अदम्य साहस का परिचय देते हुए सुरक्षित आगे बढ़े तथा उन्होंने आतंकवादियों पर लगातार कारगर गोलीबारी की जिसके फलस्वरूप टुकड़ी के बाकी साथियों को होने वाले नुकसान को रोका जा सका। लान्स नायक कश्मीर सिंह ने अत्यंत कर्तव्यनिष्ठा से आगे बढ़ते हुए, अत्यंत समीप जाकर एक आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने युद्धनीति के तहत एक लाभकारी जगह पर अपने आप को तैनात कर दूसरे आतंकवादी को भागने से रोकने के लिए कारगर गोलीबारी की जिसके फलस्वरूप टुकड़ी के बाकी जवान दूसरी दिशा से आतंकवादी को घेर कर उसका खात्मा करने में सफल हुए।

लांस नायक कश्मीर सिंह ने जख्मी होने के बावजूद उत्कृष्ट कौशल नीति और अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए दो ख़ूंखार आतंकवादियों के खात्मे को सक्रियता से सुनिश्चित किया एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आतंकवादी हमले की योजना को विफल किया।

4. जेसी-580725एन सूबेदार शबीर अहमद, 17वीं बटालियन, दि जम्मू और कश्मीर राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अगस्त, 2016)

अगस्त, 2016 में सूबेदार अहमद को आतंकवादियों की हरकत होने की खबर मिली। इन्होंने तुरंत खबर का विश्लेषण किया, शीघ्र योजना बनाकर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के खात्मे के लिए अपनी टुकड़ी के साथ बिजली की गति से प्रस्थान किया।

टुकड़ी ने जम्मू और कश्मीर के बारामुला जिले के क्षेत्र में आतंकवादियों को देखकर भारी गोलीबारी की जिसके दौरान आतंकवादियों ने भागने का प्रयास किया। उन्होंने शीघ्रता से ऑपरेशन को नियंत्रण में लेते हुए सभी समीपस्थ पोस्टों को सचेत किया और कारगर युद्धनीति के तहत अपनी टुकड़ी को तैनात किया और निरन्तर प्रत्येक स्टाप पर जाकर उन्होंने आतंकवादियों के बच निकलने के तमाम रास्तों को प्रभावी ढंग से सील करते हुए उनकी स्थिति को पुनः स्थापित किया । 0640 बजे उन्होंने उत्कृष्ट बहादुरी एवं प्रशंसनीय पहल का परिचय देते हुए आतंकवादियों की असरदार गोलीबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़कर एक आतंकवादी को मार गिराया। इसके पश्चात, उन्होंने युद्धनीति के तहत फायदेमन्द जगह पर अपने आप को तैनात करते हुए दूसरे आतंकवादी पर असरदार गोलीबारी करके उसे मार गिराया।

सूबेदार अहमद ने सराहनीय कार्यकुशल बुद्धि, असाधारण नेतृत्व एवं उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हाईप्रोफाइल आतंकवादी हमले को विफल किया जा सका।

5. जेसी-414170पी नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह, चतुर्थ बटालियन, दि पाराच्यूट रेजिमेन्ट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अगस्त, 2016)

अगस्त, 2016 में, जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के क्षेत्र में घुसपैठरोधी अवरोध प्रणाली में उल्लंघन का पता चलते ही सम्पर्क स्थान पर अतिरिक्त बलों की तत्काल मांग की गई थी। नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह इस दल के उप-कमांडर थे। अगले कुछ दिनों तक ये सैन्य टुकड़ियां आतंकवादियों को उस जगह पर खोजती रहीं। लगभग पांच दिन के बाद तीन आतंकवादियों ने गोला बारूद प्वाईंट पर गोलाबारी की और भाग गए । इस गोलाबारी में तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। आतंकवादियों के भागने वाले रास्ते का मुआइना करने के बाद खोजी दल ने उन भाग रहे आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए उनका पीछा किया।

इन आतंकवादियों की आवाजाही जंगली क्षेत्र की ओर देखी गई थी। बैख की सर्च के दौरान इन आतंकवादियों ने खोजी दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागने की कोशिश की। बिना समय गंवाए और अपनी जान की परवाह न करते हुए, नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह भाग रहे दोनों आतंकवादियों के पीछे दौड़ पडे। नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह उत्कृष्ट युद्धकौशलता को दर्शाते हुए उस चट्टान की तरफ दौड़े जिस के पीछे आतंकवादियों ने आड़ ले रखी थी और अन्धाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। आतंकवादियों ने उनको अपनी तरफ बढ़ता हुआ देख कर उन पर दो ग्रनेड फेंके। नायब सूबेदार सिंह निडर बने रहे और आतंकवादियों की ओर नज़दीक गए। नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह के इस साहसी कदम को देख कर आतंकवादी घबरा गए और वे उनकी तरफ़ अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। आतंकवादियों की जगह को आंकने के बाद नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह पास में एक और चट्टान जोकि आतंकवादियों की आड़ ली हुई चट्टान से बड़ी थी उस पर चढ़ गए और आतंकवादियों के ठीक ऊपर आ गए और वहां से 05 मीटर दूरी से नजदीकी लडाई में एक आतंकवादी को मार गिराया। नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह के साहसिक कदम को देख कर दूसरे आतंकवादी ने अपनी जगह को बदला और पास की चट्टान के पीछे गया और वहां से उन के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा और उनकी तरफ एक हैण्ड ग्रेनेड फेंका। नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह ने वीरतापूर्ण पहल, अद्वितीय युद्ध कौशलता को दर्शाते हुए आतंकवादी की ओर नजदीक गए और वहां से उसको नजदीकी लड़ाई में मार गिराया।

नायब सूबेदार सुरेन्द्रा सिंह ने अदम्य साहस, निःस्वार्थता, अपनी जान की परवाह न करते हुए निर्भीकता और प्रतिकूल स्थिति तथा मुश्किल भूभाग में देश के प्रति कर्तव्यपरायणता से ऊपर उठकर प्रदर्शन किया।

6. 2616368डब्ल्यू सिपाही वेंकटराव अबोतुला, 8वीं बटालियन, दि मद्रास रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 अक्तूबर, 2016)

अक्तूबर, 2016 में सिपाही वेंकटराव अबोतुला जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आर्मी कैम्प में रात को संतरी पोस्ट पर तैनात थे।

सुबह के समय, उन्होंने 20 से 25 मीटर की दूरी पर डबल लेयरड पेरीमीटर फेंस के बाहर संवेदनशील गतिविधि को देखा और अपने साथी संतरी सिपाही अजोय सरकार को चौकन्ना किया और उन्होंने भी संवेदनशील गतिविधि को देखकर इसका पुष्टीकरण किया। उन्होंने गार्ड कमाण्डर और बाकी गार्ड जो नजदीकी बंकर में आराम कर रहे थे, को सतर्क किया जबकि सिपाही अजोय सरकार ने संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रखी। वे पोस्ट पर वापस आये और उन्होंने कांटेदार फेंस की ओर नजदीक आने का प्रयास करने वाले दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को चुनौती दी। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। धैर्य के साथ आतंकवादियों की गोलीबारी में निर्भीकता से उन्होंने तुरन्त जवाबी अचूक फायर किए और फेंस के बाहर आतंकवादियों को मार गिराया। निरन्तर जवाबी गोलीबारी होती रही और इसमें आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद भी, आतंकवादियों ने लगातार संतरी पोस्ट पर सटीक गोलीबारी जारी रखी। अपनी जान के गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए, उन्होंने आतंकवादियों पर लूप होल के द्वारा गोलीबारी जारी रखी और एक आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया।

सिपाही वेंकटराव अबोतुला के शौर्य, साहसपूर्ण और त्वरित कार्रवाई से गुप्त हमले को रोका जा सका और जिसके परिणामस्वरूप सभी तीनों विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया गया।

7. श्री पी त्रिनाध राव, सहायक असॉल्ट कमांड़र, आंध्र प्रदेश

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अक्तूबर, 2016)

इस विश्वसनीय सूचना के आधार पर कि आन्ध्र-ओडिशा बार्डर स्पेशल जोनल कमेटी (एओबीएसजेडसी) के बड़ी संख्या में माओवादी सदस्य राज्य के खिलाफ हिंसा फैलाने के इरादे से आंध्र-ओडिशा सीमा (एओबी) के कट-ऑफ क्षेत्र में एकत्र हुए हैं, स्थानीय पुलिस और एसआईबी के प्रतिनिधियों के साथ ग्रेहाउंड्स की तीन असाल्ट यूनिटों को 23.10.2016 को संध्या के समय संक्रिया के लिए तैनात किया गया था। ये दल रास्ते में पड़ने वाले माओवादी बहुल गांवों से होते हुए तथा लैंड माइन्स को पार करते हुए एवं माओवादी घात की आशंका वाले अत्यधिक कठिन और दुर्गम क्षेत्र के रास्ते रातभर 26 कि.मी. पैदल चलकर 24.10.2016 को प्रातः 6 बजे रामगृह गांव की बाहरी सीमा में पहुंचे।

रामगृह गांव की उत्तर दिशा में जंगली क्षेत्र में पहुंचने वाले कमांडो के एकदल को माओवादी संतरियों ने देख लिया था और उन पर स्वचालित तथा अर्द्ध स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की गई। भारी तथा लगातार गोलीबारी होने के साये में आ जाने पर भी, ग्रेहाउंड्स दल अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़ा और उस स्थान पर पहुंचा जहां दुश्मन वार कर रहा था। उन्होंने भीषण गन बेटल के बाद दो माओवादियों को मार गिराया और उन्होंने अपने से कई गुणा अधिक होते हुए भी लगभग 60 से 70 माओवादियों को खदेड़ दिया।

सहायक असाल्ट कमान्डर (एएसी 3413) श्री पी त्रिनाध राव ने कमांडो के छोटे से दल के साथ माओवादियों की ओर से हो रही भीषण गोलीबारी के बावजूद नाला पार किया। उन्होंने देखा कि 20-25 माओवादी रामगृह गांव की ओर भाग रहे हैं। उन्होंने और उनके दल ने माओवादियों को आगे बढ़ने से रोका और उन्हें पहाड़ी की ओर वापस खदेड़ दिया। माओवादी पहाड़ी पर चढ़ने लगे और उन्होंने सुरक्षित तथा प्रभावशाली मोर्चा ले लिया। उन्होंने ग्रेहाउंड्स कमांडो पर भारी गोलीबारी की और हथ-गोले फेंके। एएसी श्री पी त्रिनाध राव गोली लगने से घायल हो गए लेकिन निर्भीकता से डटे रहे। उनके नेतृत्व के वास्तविक गुण उस समय उजागर हुए जब उन्होंने अपनी जान को खतरे में डालकर आगे बढ़कर अपने दल का नेतृत्व किया। जब माओवादी चट्टान के पीछे से गोलीबारी कर रहे थे, तब उन्होंने अपने दल के सदस्यों को एक दूसरे को कवर टू कवर देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक छोटे से दल का नेतृत्व किया और दाहिनी ओर पहुंचकर माओवादियों को मार गिराया।

सहायक असाल्ट कमान्डर (एएसी) श्री पी त्रिनाध राव और उनके उप-दल ने तीन माओवादियों को मार गिराया और अन्य माओवादियों को दक्षिणी और दक्षिणी-पूर्वी छोर से पहाड़ी से उतरने के लिए मजबूर कर दिया। बाद में मारे गए माओवादियों की पहचान (1) बकुरी वेंकट रमण उर्फ गणेश, विशेष क्षेत्रीय समिति सदस्य (एसजेडसीएम), (2) प्रुधवी उर्फ मुन्ना, जिला समिति सदस्य (डीसीएम) और (3) बुद्री, क्षेत्रीय समिति सदस्य (एसीएम) के रूप में की गई और घटना स्थल से (1) एके-47 राइफल, (1) एसएलआर और (1) पिस्टल बरामद किए गए। एएसी पी त्रिनाध राव द्वारा दिखाए गए अनुकरणीय साहस और सूझबूझ के कारण, अन्य कमांडोज को अपने

को पुनः संगठित करने का समय मिल पाया और उन्होंने पूर्वी और दक्षिणी छोरों पर माओवादियों के निकलने के रास्तों को कवर कर लिया। इसी बीच, वरिष्ठ कमांडो (एससी) 5966 श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्र राव ने यह महसूस किया कि माओवादी पहाड़ी के दक्षिणी और पूर्वी छोरों से बच कर भाग सकते हैं, तो उन्होंने नेतृत्व की भूमिका निभाई और माओवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के चलते तेजी से पहाड़ी के पश्चिमी छोर से पूर्वी छोर की तरफ भागे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में पड़ जाने पर ध्यान दिए बिना गहन जंगल के बीच में से 1 कि.मी. का क्षेत्र कवर किया। एस सी श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्र राव पूर्वी छोर पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ लगाते रहे और माओवादियों पर गोलियां चलाते रहे ताकि उन पर यह प्रभाव पड़े कि कमांडो हर जगह मौजूद हैं। एस सी श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्र राव और उनके सहयोगियों की तरफ से जवाबी गोलीबारी के कारण माओवादियों को पहाड़ी के दक्षिणी छोर वाले निकलने के रास्ते पर जाने के लिए मजबूर कर दिया गया।

चूंकि जूनियर कमांडो (जेसी) श्री डी सतीश कुमार को उनकी जांघ पर गोली लग गई थी और वह असमर्थ हो गए थे, इसलिए एस सी श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्र राव ने अपने साथी की देखभाल का कार्य जेसी श्री डी. हरी किरण को सौंप दिया और अधिक दृढ़ता के साथ लड़ना जारी रखा और नियंत्रित और सुनियोजित गोलीबारी के जरिए माओवादियों को रोके रखा। जब उन्हें माओवादियों को अधिकतम क्षति पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपनी यूबीजीएल से दो गोले दागे। इसके परिणामस्वरूप पांच माओवादी मारे गए और बहुत से अन्य माओवादी घायल हो गए।

बाद में, जब यह मालूम हुआ कि एक ग्रेहाउंड्स कमांडो एससी 8708 श्री मो. अबुबकर की माओवादियों का पीछा करते हुए नाले में कूद जाने के कारण मृत्यु हो गई थी, तो एससी श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्र राव ने दुबारा एक बड़ा जोखिम उठाया और गहरे नाले में कूद गए और श्री मो. अबुबकर के मृत शरीर को शस्त्र सहित बाहर निकाल लाए।

एएसी श्री पी त्रिनाध राव ने असाधारण जिम्मेदारी और वीरता का प्रदर्शन किया और यदि वे समय पर कार्रवाई नहीं करते तो माओवादी पहाड़ी के दूसरी छोर की तरफ से आसानी से भाग सकते थे। उन्होंने अपना व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत किया, अपने दल के सदस्यों में साहस का संचार किया और उन्हें पहाड़ी पर चढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके कार्य पूरी तरह से सामान्य ड्यूटी से भी बढ़ चढ़कर थे।

8. श्री चिक्कम जी वी रामचन्द्रराव, वरिष्ठ कमांडो (5966), आंध्र प्रदेश

(पुरस्कार प्रभावी होने की तारीख : 24 अक्तूबर, 2016)

इस विश्वसनीय सूचना के आधार पर कि आन्ध्र-ओडिशा बार्डर स्पेशल जोनल कमेटी (एओबीएसजेडसी) के बड़ी संख्या में माओवादी सदस्य राज्य के खिलाफ हिंसा फैलाने के इरादे से आंध्र-ओडिशा सीमा (एओबी) के कट-ऑफ क्षेत्र में एकत्र हुए हैं, स्थानीय पुलिस और एसआईबी के प्रतिनिधियों के साथ ग्रेहाउंड्स की तीन असाल्ट यूनिटों को 23.10.2016 को संध्या के समय संक्रिया के लिए तैनात किया गया। ये दल रास्ते में पड़ने वाले माओवादी बहुल गांवों से होते हुए तथा लैंड माइन्स को पार करते हुए एवं माओवादी हमले की आशंका वाले अत्यधिक कठिन और दुर्गम क्षेत्र के रास्ते रातभर 26 कि.मी. पैदल चलकर 24.10.2016 को प्रातः 6 बजे रामगृह गांव की बाहरी सीमा में पहुंचे।

रामगृह गांव की उत्तर दिशा में जंगली क्षेत्र में पहुंचने वाले कमांडों के एक दल को माओवादी संतरियों ने देख लिया था और उन पर स्वचालित तथा अर्द्ध स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की गई। भारी तथा लगातार गोलीबारी होने के साये में आ जाने पर भी, ग्रेहाउंड्स दल अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़ा और उस स्थान पर पहुंचा जहां दुश्मन वार कर रहा था। उन्होंने भीषण गन बेटल के बाद दो माओवादियों को मार गिराया और उन्होंने अपने से कई गुणा अधिक होते हुए भी लगभग 60 से 70 माओवादियों को खदेड़ दिया।

सहायक असाल्ट कमान्डर (एएसी 3413) श्री पी त्रिनाध राव ने कमांडो के छोटे से दल के साथ माओवादियों की ओर से हो रही भीषण गोलीबारी के बावजूद नाला पार किया। उन्होंने देखा कि 20-25 माओवादी रामगृह गांव की ओर भाग रहे हैं। उन्होंने और उनके दल ने माओवादियों को आगे बढ़ने से रोका और उन्हें पहाड़ी की ओर वापस खदेड़ दिया। माओवादी पहाड़ी पर चढ़ने लगे और उन्होंने सुरक्षित तथा प्रभावशाली मोर्चा ले लिया। उन्होंने ग्रेहाउंड्स कमांडो पर भारी गोलीबारी की और हथ-गोले फेंके। एएसी श्री पी त्रिनाध राव गोली लगने से घायल हो गए लेकिन निर्भीकता से डटे रहे। उनके नेतृत्व के वास्तविक गुण उस समय उजागर हुए जब उन्होंने अपनी जान को खतरे में डालकर आगे बढ़कर अपने दल का नेतृत्व किया। जब माओवादी चट्टान के पीछे से गोलीबारी कर रहे थे, तब उन्होंने अपने दल के सदस्यों को एक दूसरे को कवर टू कवर देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक छोटे से दल का नेतृत्व किया और दाहिनी ओर पहुंचकर माओवादियों को मार गिराया।

सहायक असाल्ट कमान्डर (एएसी) श्री पी त्रिनाध राव और उनके उप-दल ने तीन माओवादियों को मार गिराया और अन्य माओवादियों को दक्षिणी और दक्षिणी-पूर्वी छोर से पहाड़ी से उतरने के लिए मजबूर कर दिया। बाद में मारे गए माओवादियों की पहचान

